विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय बुद्धवार हेतु डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 6 | (क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि उप निदेशक कारखाना मण्डल, जिले में कितने वर्षो तक तैनात किये जा सकते है? | कार्मिक विभाग द्वारा निर्गत वर्तमान स्थानान्तरण नीति 2024-25 के अनुसार समूह 'क' एवं समूह 'ख' के जो अधिकारी अपने सेवाकाल में जनपद में कुल 03 वर्ष एवं मण्डल में 07 वर्ष पूर्ण कर चुके हों, को स्थानान्तिरत कर दिया जाय।<br>उप निदेशक कारखाना समूह 'क' श्रेणी के अधिकारी हैं जिनकी तैनाती भी कार्मिक विभाग की उक्त व्यवस्थानुसार की जाती है। |
| | (ख) मेरठ मण्डल के किन-किन जिलों में कौन-कौन से उप निदेशक कारखाना है? | मेरठ मण्डल के 03 जिलों में उप निदेशक कारखाना मेरठ, उप निदेशक कारखाना गाजियाबाद एवं उप निदेशक कारखाना नोएडा हैं। |
| | (ग) उनके नाम क्या है तथा वे जिलों में कितने वर्षो से तैनात है? | श्री रवीन्द्र कुमार, उप निदेशक कारखाना, मेरठ के पद पर दिनांक 28.10.2022 से, श्री आलोक कुमार सिंह, उप निदेशक कारखाना गाजियाबाद के पद पर दिनांक 25.10.2022 से एवं श्री बृजेश कुमार सिंह, उप निदेशक कारखाना, नोएडा के पद पर दिनांक 25.10.2022 से कार्यरत हैं। |

अनिल राजभर,
मंत्री।